# तीर्थ पुरोहित समाज 4 जुलाई को वृंदावन में अधिवेशन कर कॉरिडोर का करेगा विरोध

## सरकार और प्रशासन चाहे तो बिना कॉरिडोर के भी बेहतर हो सकतीं हैं व्यवस्थाएं

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्व प्रसिद्ध बाँके बिहारी मंदिर के अधिग्रहण और प्रस्तावित न्यास के विरोध में वृन्दावन के गोस्वामी समाज, व्यापारी और मूल ब्रजवासियो द्वारा विगत 12 दिनों से विरोध प्रदर्शन जारी है। पीड़ित गोस्वामी समाज, व्यवसायी और अन्य पीड़ित पक्षों द्वारा इसे वृन्दावन सहित ब्रज के मूल स्वरुप और संस्कृति पर कुठाराघात बताया है। इसी कड़ी में रविवार को अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित समाज के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने बाँके बिहारी मंदिर के गोस्वामी समाज व मथुरा, गोकुल, महावन, गोवर्धन सहित सभी मुख्य मंदिरो के सेवायतो के साथ संयुक्त रूप से पत्रकारों से वार्ता की।

श्री पाठक ने सरकार से जिद छोड़कर वृन्दावन के विकास और भीड़ नियंत्रण के लिए स्थानीय लोगो से सकरात्मक वार्ता कर रास्ता निकाले जाने की बात की द्यपत्रकार द्वारा ब्रज विकास के सम्बन्ध में पूछे गए सवाल पर कहा कि जब ब्रज के विकास के लिए सरकार ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद् का गठन किया जिसके अध्यक्ष खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है तो न्यास के रूप में नये अध्यादेश का क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि हम विकास के विरोधी नहीं हैं लेकिन संविधान के अनुच्छेद 25 व 26 के तहत मंदिरो में पूजा के अधिकार विरोधी न्यास या अन्य किसी प्रक्रिया का विरोध करते है। उन्होंने सरकार से मांग की सरकार वृन्दावन की घनी आवादी से दूर ब्रज क्षेत्र में 25 एकड़ जमीन का आवंटन करें जिससे बाँके बिहारी जी का भव्य मंदिर बने ताकि तीर्थयात्रियों को आरामदायक दर्शन हो सके और वृन्दावन की कुंज गली और वृन्दावन के पौराणिक महत्व का संरक्षण भी सम्भव हो। उन्होंने बताया कि तीर्थ पुरोहित महासभा वृन्दावन के मूल स्वरुप की रक्षा और मंदिरो के सेवायतो के पूजा अर्चना के मौलिक अधिकार के किसी भी अतिक्रमण के खिलाफ है। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा हमेशा पीड़ित पुरोहित / सेवायत के साथ खड़ी है। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि गोस्वामी समाज के समर्थन में आगामी 4 जुलाई को वृन्दावन में महासभा का एक दिवसीय अधिवेशन आयोजित किया जायेगा जिसमे प्रयागराज, वाराणसी, रामेश्वरम, बैधनाथ धाम समेत 90 से ज्यादा तीर्थो के प्रतिनिधि भाग लेकर सरकार के इस तानाशाही कदम का विरोध करेंगे। इस दौरान राकेश चतुर्वेदी (एडवोकेट) माथुर चतुर्वेद परिषद के महा मंत्री संजय चतुर्वेदी- सेवायत यमुना मंदिर विश्राम घाट मनोज शर्मा एलएन कौशिक गोवर्धन सेवायत महावन से कृष्णकुमार दीक्षित गोकुल से भीकू भैया नंदगाँव से सुशील गोस्वामी हरिमोहन गोस्वामी बरसाना से डॉ. यज्ञपुरुष गोस्वामी विनोद चतुर्वेदी एवं तुलसी स्वामी बाँके बिहारी मंदिर के सेवायत गोपेश गोस्वामी गोपी गोस्वामी श्रीनाथ गोस्वामी रजत गोस्वामी हिमांशु गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने पकड़े वाहन चोर गैंग के चार सदस्य, आधा दर्जन बाइकें बरामद

**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए वाहन चोर गैंग के एक बाल अपचारी सहित चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पुलिस ने 6 बाइकें बरामद की है। कार्यवाहक प्र.नि. अजीत सिंह थाना कोतवाली और उ.नि. कुशलपाल सिंह ( चौकी प्रभारी कृष्णानगर ) को मुखबिर की सूचना के आधार पर स्वाट टीम और पुलिस पार्टी के साथ अलवर बाजना से पहले पार्ट होटल के पास से योजना बनाते हुए कपिल पुत्र रामदयाल निवासी अमर कॉलोनी, हुकुम पुत्र जोगेन्द्र निवासी बाकलपुर, अरुण पुत्र श्यामलाल निवासी मोरा थाना जैत, एक बाल अपचारी को बीतीरात गिरफ्तार करते हुए पूछताछ की। तो उनके कब्जे से पुलिस ने छह चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की। थाना कोतवाली कार्यवाहक प्र.निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों/ बाल अपचारी का एक सुसंगठित गैंग है जो भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रैकी कर वाहनों को चोरी करते है तथा एक स्थान पर छुपा देते है मौका लगने पर इनको सस्ते दामों में कबाड़ियों को बेच देते है फिर चोरी किये गये वाहनों की बिक्री से जो पैसा मिलता है उसको ये सभी चारों सदस्य आपस में बांट लेते है ।

# फर्जी शस्त्र लाइसेंस केस में संदेह के घेरे में 5 लिपिक

**आगरा।** फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में कलेक्ट्रेट के 5 लिपिक संदेह के घेरे में हैं। इनमें से 3 रिटायर्ड हो चुके हैं। एसटीएफ इन सभी से पूछताछ कर सकती है। क्योंकि इन सभी का फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले के मुख्य आरोपी रिटायर्ड लिपिक संजय कपूर से गहरा नाता रहा है। फर्जी शस्त्र लाइसेंस जारी करने का निर्णय संजय कपूर ने अपने पद पर रहते हुए लिए। एक भी लाइसेंस में डीएम के साइन नहीं हैं। संजय कपूर ने अपने स्तर से बुकलेट तैयार की और यूनिक आईडी नंबर भी जारी कर दिया। यह नंबर गृह मंत्रालय से मिलता है। इससे असलहा की पहचान आसानी से हो जाती है, लेकिन डाटा फीडिंग में लिपिक ने अधिकांश तथ्यों को छिपा लिया। जिसके बाद यूनिक आईडी नंबर जारी कर दिया। वहीं, 4 महीने पहले भूपेंद्र सारस्वत ने फर्जी लाइसेंस को सरेंडर कर दिया। यह सब काम लिपिक प्रशांत कुमार की निगरानी में हुआ। एसटीएफ प्रशांत कुमार सहित 5 रिटायर्ड लिपिकों से पूछताछ कर सकती है। इन सभी का संजय कपूर से गहरा नाता रहा है। जिले में 50 हजार शस्त्र लाइसेंस हैं। इसमें शहर में 28 हजार हैं। असलहा लिपिक के पद पर 3 बार रह चुके संजय कपूर ने एसटीएफ जांच की भनक लगते ही डेढ़ साल पहले वीआरएस के लिए आवेदन किया था। जांच शुरू होने से पहले रिटायरमेंट ले लिया। पद पर रहते हुए संजय कपूर पत्रकार शोभित चतुर्वेदी के संपर्क में आया। भूपेंद्र सारस्वत, सहित अन्य के नाम पर फर्जी लाइसेंस जारी किया गया। संजय कपूर को पता था कि अधिकारी फर्जी लाइसेंस पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। ऐसे में उसने अपने स्तर से बुकलेट जारी कर दी थी। इस कार्य में दो निजी कर्मचारियों का अहम रोल रहा है। लाइसेंस में डीएम के हस्ताक्षर नहीं हैं। संजय कपूर के बाद असलहा लिपिक के पद पर राजकुमार चौहान, रवि, जितेंद्र कुमार और प्रशांत आए। वर्तमान में प्रशांत कुमार के पास शहर और ग्रामीण क्षेत्र का कार्य है। जैसे ही एसटीएफ ने फर्जी लाइसेंस की जांच को तेज किया। भूपेंद्र सारस्वत ने लाइसेंस को सरेंडर कर दिया। वर्तमान असलहा लिपिक प्रशांत ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं दी। नियम के अनुसार लाइसेंस को सरेंडर नहीं कराया जा सकता था। एसटीएफ 3-4 बार पूछताछ कर चुकी है। अब एसटीएफ बाकी रिटायर्ड कर्मचारियों से भी पूछताछ करेगी। अधिकांश कर्मचारी ने संजय कपूर के साथ शहर या फिर ग्रामीण क्षेत्र का कार्य देखा है।

- सभी का मुख्य आरोपी रिटायर्ड लिपिक से रहा है गहरा नाता

# टूंडला बस स्टैंड पर कुल्फी टिक्की वाले का कब्जा बरकरार



**टूंडला।** प्रशासन ने टूंडला बस स्टेशन के अंदर से बसों का आवागमन तो शुरू करा दिया लेकिन बस स्टैंड के अंदर लगने वाली कुल्फी टिक्की की दुकान ही नहीं बल्कि बड़े पैमाने पर संचालित खाद्य उद्योग को नहीं हटवा पाया जिस कारण कुल्फी टिक्की खाने आने वालो के फोर व्हीलर व टू व्हीलर वाहनों का बस स्टैंड के अंदर जमावड़ा लगा रहता है। दूर दराज एटा कासगंज बरेली फिरोजाबाद के कुल्फी टिक्की खाने आने वाले लोगों के वाहन बस स्टैंड के अंदर पार्क होते हैं, इन वाहनों से आधे से ज्यादा बस स्टैंड भरा रहता वैसे ही बस स्टैंड में जगह कम है रोडवेज बसें ही बमुश्किल मुड़ पाती हैं यहीं कुल्फी टिक्की वाले द्वारा बस स्टैंड के अंदर प्राइवेट वाहन पार्किंग बना रखी है, जिससे रोडवेज बस चालकों को बस स्टैंड से बसें निकालने के लिए पर्याप्त जगह न मिल पाने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड में जगह न मिल पाने के कारण कुछ बस चालक अब भी बस को बस स्टैंड से न गुजार कर सीधे निकाल ले जा रहे है। बता दें प्रशासन ने रोडवेज बसों को बस स्टैंड से होकर गुजारने के निर्देश दिए हैं, जिस पर अमल तो हो रहा है, मगर बस स्टैंड में अभी भी कुल्फी टिक्की वाले का कब्जा बरकरार है, जहां कुल्फी टिक्की वाले के ग्राहकों के प्राइवेट वाहन पार्क होते हैं, दिन में कुल्फी टिक्की खाने आने वालों के वाहनों का आवागमन रहता है वहीं शाम होते ही यहां प्राइवेट वाहन पार्क होते हैं। प्राइवेट वाहन पार्क होने की वजह से बस स्टैंड के अंदर रोडवेज बसों को खड़ी करने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है, बस स्टैंड पर एटा कासगंज बरेली आदि की सैकड़ों की संख्या में रोडवेज बसें गुजरती है, बस स्टैंड में बसों की संख्या अधिक हो रही है, कारण बस स्टैंड में रोडवेज बसों को खड़ी करने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है, जिस कारण कुछ बस चालक अभी भी बसों को बाहर से ही गुजार रहे हैं। सोचने वाली बात यह है कि आखिर प्रशासन बस स्टैंड से कुल्फी टिक्की वाले के कब्जे को क्यों नहीं हटवा पा रहा है, जो दशकों से रेडवेज बस स्टैंड पर कब्जा जमाए बैठा है, और अपना कुल्फी टिक्की का एक बड़ा उधोग बस स्टैंड में संचालित कर रहा है, क्या कुल्फी वाले की पहुंच इतनी बड़ी है जो प्रशासन उससे बस स्टेंड खाली नहीं करा पा रहा है, यह एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है।

## मुठभेड़ में इमरान उर्फ बिन्ना घायल, साथी भी पकड़ा

**आगरा।** बाह थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सनसनीखेज मुठभेड़ के दौरान 25 हजार के इनामी बदमाश इमरान उर्फ बिन्ना पुलिस की गोली से घायल हो गया। मुठभेड़ के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इमरान पशु चोरी की कई घटनाओं में वांछित चल रहा था और लंबे समय से फरार था। पूर्वी जोन की सर्विलांस टीम और बाह पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता हाथ लगी। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश चोरी की योजना बना रहे हैं। चेकिंग के दौरान जब पुलिस ने एक संदिग्ध वाहन को रुकने का इशारा किया, तो उसमें बैठे बदमाशों ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि इमरान गाड़ी से कूदकर खेतों की ओर भागा। भागते समय इमरान ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी गोली चलाई, जो इमरान के पैर में जा लगी। इसके बाद उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। घायल इमरान को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। मौके से एक देसी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। एसीपी बाह राम प्रवेश गुप्ता ने बताया कि इमरान का आपराधिक इतिहास है और वह बाह, पिनाहट व मनसुखपुरा थाना क्षेत्र में पशु चोरी की कई वारदातों में शामिल रहा है। उसके साथी राजू को पहले ही पकड़ लिया गया था। दोनों ने मिलकर कई बार संगठित चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया।

## अवैध असलहा सहित 2 गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस ने दो अभियुक्तगण को एक अवैध पौनिया एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। रविवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा देखरेख शान्ति व्यवस्था चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तगण मंजेश कुमार उर्फ मंजू पुत्र स्वः राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भीकनपुर सदासुख थाना नारखी व गौरव पुत्र जयवीर सिंह निवासी ग्राम हवीपुर थाना टूंडला जिला फिरोजाबाद को दिनौली रोड थाना क्षेत्र टूण्डला फिरोजाबाद से एक पौनिया एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध थाना टूंडला पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# पर्यटन मंत्री ने किया कल्याण मंडप का शुभारंभ



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत नगर पंचायत मक्खनपुर में नव निर्मित कल्याण मंडप का शुभारंभ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के कर कमलों से संपन्न हुआ, इसका निर्माण सीएनडीएस उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय द्वारा किया गया है इस कल्याण मंडप में पोर्च मल्टीपरपज हॉल स्टेज, बरामदा कार्यालय किचन शौचालय पुरुष एवं महिला एवं कवर्ड बरामदा निर्मित किया गया है, इस भवन में दो तल है प्रथम तल जो 270.52 वर्ग मीटर का है, जबकि द्वितीयतल 44.45 वर्ग मीटर का है, इस कल्याण मंडप में रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक, वाटर कूलर इत्यादि भी लगे हुए हैं, इस कल्याण मंडप का निर्माण कुल 3.25 करोड रुपए की लागत से हुआ है। इस भवन के माध्यम से निर्धन एवं असहाय वर्ग के परिवारों की शादियों को बहुत कम खर्चे में आयोजित किया जाएगा, इस अवसर पर बोलते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि इस मंडप का निर्माण असहायों गरीबों को किफायती दर पर शादी हेतु किया गया है, शासन के द्वारा कम पैसों में गरीबों की सेवा करने का कार्य किया जा रहा है, शासन का उद्देश्य है कि हम योजनाओं को धरातल पर उतार कर समाज में अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाएं, उन्होंने इस अवसर पर नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर लाने में आपका योगदान महती है, जिस पारदर्शिता ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ आपका चयन हुआ है, हम उम्मीद करते हैं कि पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी, अपने दायित्वों का निर्वहन करके आप समाज और राष्ट्र के लिए एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करेंगी, निश्चित रूप से आपका कार्य गरीबों की दुवाओं का पा त्र बना देगा, हमारी सरकार में कानून व्यवस्था दुरुस्त हुई है, इसी कारण औद्योगिक घराने यहां निवेश करने के लिए आतुर रहते हैं, इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यहां बना हुआ कल्याण मंडप पूरे जिले का पहला मंडप है, जहां गरीब और असहाय लोगों की शादियां किफायती दर पर आयोजित होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मैं मंत्री जी द्वारा जनपद को पर्यटन के रूप में महत्वपूर्ण परियोजनाएं देने के लिए मैं उनका आभार प्रकट करता हूं, साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देता हूं कि वह अपने क्षेत्र में जाकर बच्चों को निष्ठा के साथ सेवा करेंगी, इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये, इससे पूर्व पर्यटन मंत्री ने फीता काटकर इस महत्वपूर्ण भवन का उद्घाटन किया, साथ ही यहां संचालित कार्यक्रमों का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया, साथ ही साथ कल्याण मंडप के बाउंड्री वॉल के बाहर माननीय मंत्री जी ने पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एवं आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों में मुन्नी देवी अरुणा देवी और आशा देवी प्रमुख रहे, इस अवसर पर एडीएमवित्त एवं राजस्व विशु राजा, ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत चेयरमैन मक्खनपुर सहित जनप्रतिनिधि एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 3 चोर गिरफ्तार, चोरी की 18 बैटरी 1 इन्वर्टर बरामद

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा बैंटरी चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की हुई 18 बैटरी ट्यूबलर एक इन्वर्टर व दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। 25.05.2025 को पचौरी म्यूजिकल इलैक्ट्रोनिक दुकान सारस्वत इन्कलेव से 10 बैटरी लगभग 150000 रुपये की कीमत की चुरा ले जाने के सम्बन्ध में थाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था, तथा दिनांक 07/06/2025 को शिव राहुल बैटरी हाऊस आगरा फिरोजाबाद सर्विस रोड पर गुप्ता पेट्रौल पम्प के पास से 10 से 12 बैटरी चुरा ले जाने के सम्बन्ध में थाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उक्त चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा रविवार को चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी करने वाले 3 शातिर अभियुक्तगण प्रवीन गौतम पुत्र योगेन्द्रपाल सिंह निवासी नगला दल थाना पचोखरा फिरोजाबाद, सुल्तान अली पुत्र सम्मी खां निवासी तुर्की का नगला मक्खनपुर थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद व सुमित पुत्र राकेश कुमार निवासी डांक बंगला प्रेमनगर थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद को थाना पर पंजीकृत बैटरी चोरी के मुकदमे से सम्बन्धित चोरी की 18 बैटरी बेंट्री ट्यूबलर व 01 इन्वर्टर मय 2 नाजायज चाकू के साथ रेलवे की खण्डहर पड़ी कॉलोनी के मकान थाना टूण्डला से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण से बरामद माल के आधार पर उक्त सम्बन्धित अभियोगों में आवश्यक कार्यवाही कर तथा अभियुक्तगण से 02 तमंचा बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## लक्ष्मीनारायण चौधरी सेवायतों से मिले

**मथुरा।** वृन्दावन बांकेबिहारी मंदिर न्यास के विरोध के बीच प्रदेश के चीनी मिल एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी ने रविवार को सेवायतों से मुलाकात कर सरकार के पक्ष को प्रभावित लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया। वहीं सेवायतों के पक्ष को भी जाना। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश की कमान एक संत के हाथ में है। यही कारण है कि धार्मिक स्थानों को दिव्यता और भव्यता प्रदान करना उनकी प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि सरकार और सेवायतों दोनों की ही मंशा है कि श्रद्धालुओं को बेहतर दर्शन की व्यवस्था मिल सके। दोनों ही पक्ष बातचीत के माध्यम से समन्वय स्थापित करने के दौर में हैं। इसी प्रक्रिया में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी सहित प्रशासनिक अधिकारियों की लगातार बातचीत सेवायतों और कॉरीडोर से प्रभावित होने वाले लोगों से चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का गोस्वामियों की सेवा-पूजा पद्वति में दखलंदाजी करने का कोई इरादा नहीं है। गोस्वामियों से सकारात्मक बातचीत के पक्ष को उन्होंने आला स्तर पर पहुंचाने का वादा किया। वहीं गोस्वामी अपने पक्ष को लेकर स्पष्ट रहे, कि मंदिर की सेवा-पूजा, प्रबंधन और नियंत्रण को उन्हीं के हाथों में रहने दिया जाए। प्रशासन मंदिर के बाहर की व्यवस्थाओं को नियंत्रित करे।



# एनकाउंटर पर उठे सवाल तो पुलिस करने लगी परेशान

जिला संवाददाता (vol)

**आगरा।** पिछले दिनों गोकश के एनकाउंटर के मामले में घिरी रकाबगंज पुलिस एक बार फिर कठघरे में है। जिस बदमाश ने कोर्ट में पकड़कर गोली मारने और बेरहमी से पिटाई का आरोप लगाया था, अब उसकी पत्नी और दो सालों को अवैध हिरासत में रखने की मुख्यमंत्री से शिकायत हुई है। आनन-फानन में पुलिस ने पत्नी को छोड़ दिया। दोनों सालों का शांतिभंग में चालान किया। परिवार दहशत में है। आरोप है कि पुलिस मुकदमे में पैरवी न करने का दबाव बना रही है। 31 मई को रकाबगंज पुलिस ने सदर निवासी इमरान को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। उसके पैर में गोली लगी थी। उसके पास से प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ था।

विवेचक इंस्पेक्टर क्राइम उमेश त्यागी उसे कोर्ट में पेश करने गए थे। आरोपी ने कोर्ट में पुलिस पर अभिरक्षा में मारपीट और पकड़कर गोली मारने का आरोप लगाया था। कोर्ट में अपनी चोटें दिखाई थीं। कोर्ट के आदेश पर दोबारा मेडिकल हुआ था। पहले और दूसरे मेडिकल में चोटों में भिन्नता निकली थी। कोर्ट ने आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमे के आदेश दिए थे। पहले अधिकारियों ने रिवीजन में जाने की बात बोली थी। बाद में रकाबगंज थाने में अज्ञात पुलिस कर्मियों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र और मारपीट की धारा के तहत मुकदमा लिखा गया। मुकदमे के बाद पुलिस ने बदमाश के परिजनों पर दबाव बनाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

शहीद नगर निवासी कौसर पत्नी राहिन ताज ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शुक्रवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑन लाइन शिकायत की। इस शिकायत की जानकारी के बाद रकाबगंज थाने में खलबली मच गई। शिकायत में आरोप है कि बुधवार की रात आठ बजे पुलिस घर आई। शहीद नगर पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही अंकुश साथ आया था। पुलिस इमरान की पत्नी गुड़िया उसके साले साहिल व जीशान को पकड़कर रकाबगंज थाने ले आई। रकाबगंज थाने में तीनों को बैठा दिया। उनसे कहा गया कि अधिकारी आकर बातचीत करेंगे। बुधवार रात से गुरुवार तक तीनों बैठे रहे। उनसे न तो पूछताछ की गई न ही छोड़ा गया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत पर रात को गुड़िया को छोड़ दिया गया। साहिल व जीशान का शांतिभंग में चालान किया गया। हालांकि रात में वे दोनों भी अपने घर पहुंच गए। गुड़िया ने बताया कि पुलिस कोर्ट में उसके पति द्वारा की गई शिकायत से परेशान है। थाने में वह दरोगा भी सामने आया जिसने पति को गोली मारी थी। दरोगा ने खुद यह बताया। उसे धमकाया। कहा कि पति से कहे भूल जाए। इस मामले को यहीं खत्म कर दे। गुड़िया ने बताया कि पति की वजह से वह तो परेशान हुई छह माह की बच्ची की जान पर बन आई। थाने में बच्ची की तबियत खराब हो रही थी। तब भी उसे नहीं छोड़ा। पुलिस ने कह दिया बच्चे को घर भेज दो।

# गोवर्धन में गौवंश के अवशेष मिलने पर बवाल

**मथुरा।** बकरीद पर गोवर्धन गोवरी के में अवशेष मिलने से माहौल गरमा गया है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने करीब पांच घंटे तक हंगामा किया। एसएसपी को मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालनी पड़ी। इस मामले में 24 लोगों को नामजद करते हुए 50 अज्ञात लोगों सहित 74 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने 11 लोगों को हिरासत में ले लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपितों की पहचान में जुटी है। वहीं अवशेष को जांच के लिए भेजा गया है।

- 74 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- दोषियों को मिलेगी कड़ी सजा: एसएसपी

गौरतलब हो कि शनिवार को बकरीद पर रात आठ बजे गोवर्धन-बरसाना रोड स्थित ईदगाह के सामने कसाई पाडा है। यहां एक जिम के पीछेएटी फिटनेस के पीछे खाली जगह में गोवंश के शव के अवशेष मिले। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। हिंदू संगठन के लोग भी मौके पर आ गए। गोवंश को काटकर उसके अवशेष होने की आशंका पर लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। बबाल की बढ़ती आशंका को एसएसपी श्लोक कुमार भांप गये। तत्काल कई थाना का फोर्स और पीएसी भेजा और फिर रात 12 बजे के बाद एसएसपी गोवर्धन पहुंचे और मामले की जानकारी की। लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। इसके बाद महमदपुर निवासी धीरज कौशिक ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया। एसएसपी ने बताया प्रार्थना पत्र के आधार पर साकिर उर्फ वीआईपी पुत्र नामालूम, समीर पुत्र वीआईपी, सोहिल पुत्र वीआईपी, अनवर वकील पुत्र नामालूम, इन्तजार पुत्र नब्बू, अंसार पुत्र नब्बू, पिन्टू पुत्र नब्बू, आसीन पुत्र नामालूम, ओशो पुत्र अनवर, स्टार पुत्र अनवर, फाजल पुत्र पप्पा, शाहरूख पुत्र पप्पा, हन्नी कुरैशी पुत्र नामालूम, आरिफ पुत्र हन्नी, धौसी पुत्र हन्नी, बाबू पुत्र हबीब, घोसी पुत्र भोवल, सनी पुत्र घोसी, उस्मान पुत्र नामालूम, फिरोज पुत्र घोसी, रशीद पुत्र नज्जू, चाँद पुत्र नज्जू, फारूख पुत्र उस्मान, सोहेल पुत्र नामालूम व 50 अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी ने घटना से सम्बन्धित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु कई टीमों का गठन किया ग जिसमें पुलिस ने नामजद साकिर उर्फ वीआईपी के घर से नामजद 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

गोवर्धन में ईद के दिन गौवंश के अवशेष मिलने के मामले में गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने घटना को निंदनीय बताया। श्री उपाध्याय ने प्रशासन से इस मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है। आरोपियों के खिलाफ पहले ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अब इस मामले की निगरानी शासन स्तर से की जा रही है। गौ सेवा आयोग के सदस्य का मौके पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि मामला अब स्थानीय स्तर से आगे बढ़ गया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क है।

## 'सुमन बाटिका' का लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**मथुरा।** कृष्णा नगर मथुरा स्थित मियाँ वाली धर्मशाला में ब्रजभषा के सुप्रसिद्ध कवि पं. श्माम सुंदर गोस्वामी कृत 'सुमन बाटिका' का लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. के. उमराव 'विवेकनिधि' की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ. सोहन लाल 'शीतल', आगरा विश्वविद्यालय के प्रो. डाँ. संतोष विहारी शर्मा, अध्यक्षता कर रहे डॉ. घनश्याम पांडेय, हिंदी प्रचार सभा के निदेशक गीतकार नटवर नागर, एवं डॉ. विवेकनिधि का डॉ. मनमोहन गोस्वामी द्वारा माला व दुपट्टा पहना कर सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से डॉ. श्याम सुंदर गोस्वामी गोस्वामी कृत 'सुमन बाटिका' का लोकार्पण मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इसके बाद 'सुमन बाटिका' की समीक्षा करते हुये डॉ. नटवर नागर ने कहा कि मेरे ही संपादन में पं. श्याम सुंदर गोस्वामी की प्रथम कृति राग चापलूसी का भी हिंदी प्रचार सभा द्वारा ही लोकार्पण हुआ था। आगरा से पधारे डॉ. संतोष विहारी शर्मा ने गोस्वामी जी की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस दीघार्यु में भी काव्य लेखन का बडा दुष्कर कार्य है उन्होंने ब्रज भाषा को सम्रद्ध किया है। इसी क्रम में बीएसए कालेज के प्रो. डाँ. लावण्य कौशिक जी ने बधाई देते हुए कहा कि इस पुस्तक में विविध विषयों का बहुत ही रोचक वर्णन किया है जो एक अमूल्य साहित्यिक धरोहर है। इस कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि डॉ सोहन लाल शीतल, डॉ. संतोष बिहारी शर्मा, डॉ. लावन्य कौशिक, आकाशवाणी मथुरा के उद्घोषक डॉ. मयूर कौशिक, डॉ. नटवर नागर ने काव्यपाठ किया। इसी क्रम में डॉ. मनमोहन गोस्वामी ने काव्यपाठ करते हुये कहा-नमन पिताश्री आपको, आप प्रेरणाश्रोत। जीवन पोषण आपसे, मन है ओत-प्रोत।अंत में संचालन कर रहे डॉ. विवेकनिधि ने पं. श्याम सुंदर गोस्वामी जी पर सामयिक रचना प्रस्तुत करते हुये कहा- ब्रजवासी श्री श्याम जी, काव्य कला प्रवीन। मिली विरासत में उन्हें, कविता के शौकीन।। कविता के शौकीन, य सुमन बाटिका लाये। जियें शताधिक उम्र, बधाई सबसे पायें।। विवेकनिधि आप हैं, श्री राधाकुंड वासी। मिलनसार व्यक्तित्व, आप गुणीं ब्रजवासी।। अध्यक्षीय वक्तब्य प्रस्तुत करते हुए डॉ. घनश्याम पांडेय ने कहा श्री गोस्वामी जी अत्यंत गुणी व साधक व्यक्ति हैं, वे शताधिक उम्र तक जियें मैं प्रभु से कामना करता हूँ व उनका अभिनंदन करता हूँ।

## गोल्ड मैडलिस्ट डॉ. अभिषेक सिंह की पुण्य तिथि पर शरीर विज्ञान शतक का लोकार्पण

**मथुरा।** सेनानी आरबी सिंह मार्ग सारंग विहार बालाजी पुरम मथुरा स्थित आरबीएस नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्थित माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष मालदीव में कार्यरत सर्जन एवं सी नियक्त स्टार गोल्ड मैडलिस्ट डॉ. अमिषेक की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर उसकी दिव्यात्मा की शांति के लिये हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया। हवन पूजन व प्रसाद वितरण सम्पन्न होने के बाद डॉ. के. उमराव विवेकनिधि की 41 वीं पुस्तक ह्लशरीर विज्ञान शतकह्व का लोकार्पण मथुरा रिफाईनरी में कार्यरत साहित्यकार दिनेश सिंह चंदेल के कर कमलों से किया गया। विद्यालय की प्राचार्या पूजा वर्मा, हरेंद्र सिंह, नीतू सिंह, मंजू सिंह, अथर्व उमराव, अद्विक सिंह आदि की उपस्थिति रही। विद्यालय कोआडीर्नेटर आशुतोष सिंह ने डॉ. अभिषेक सिंह का स्मरण कर उन्हें सादर नमन करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दो दोस्तों की दुर्घटना में मौत

**मथुरा।** जैत थाना क्षेत्र के छटींकरा फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवार दोस्तों को रौंद दिया। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। दोनों दोस्त एसी रिपेयरिंग कर कार्य करते थे। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में ले लिया। शनिवार देर शाम नई बस्ती डीग गेट निवासी 18 वर्षीय अजीम पुत्र नईम तथा 24 वर्षीय शाहरुख पुत्र मुन्ना छाता की तरफसे बाइक से मथुरा आ रहे थे। हाईवे पर छटीकरा फ्लाईओवर उतरते ही पीछे से तेज गति से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। शाहरुख की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा अजीम को राहगीरों ने जिला अस्पताल भिजवाया। जहां कुछ देर बाद ही इलाज के दौरान अजीम ने दम तोड़ दिया। सीओ सदर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि दोनों युवक एसी रिपेयरिंग का कार्य करते थे जोकि उधारी के रुपये लेकर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

# भाजपा की विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर हुई बैठक



**टूंडला।** रविवार को एटा रोड स्थित भाजपा शिविर कार्यालय पर विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल अभियान के तहत अभियान टोली के साथ भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें उक्त अभियान की टोली ने भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के साथ अभियान से संबंधित सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की व अभियान को सही व सुचारू रूप से चलाने हेतु योजना रचना तैयार की। आगामी कार्यक्रमों की श्रृंखला में 10 व 11 जून 2025 को जिला केंद्र पर प्रेस वार्ता का आयोजन होना है, जिसमें अतिथि प्रदेश संगठन द्वारा तय किया जाएगा। जिला केंद्र पर प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया जाएगा। व प्रोफेशनल मीट या प्रबुद्ध समागम का आयोजन जिला में एक स्थान पर किया जाएगा। मंडल स्तर पर 12 से 14 जून तक विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका व केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां विषयांतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाना है। 15 से 18 जून तक सभी मंडलों के सभी शक्ति केंद्रों पर एक एक चौपाल का आयोजन होना है। इसी श्रृंखला के 21 जून को सभी मंडल केंद्रों पर योग दिवस एक अवसर पर योग शिविर का आयोजन होना है। 9 जून से 9 जुलाई तक बदलता भारत मेरा अनुभव विषयांतर्गत डिजिटल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इन सभी कार्यक्रमों के तहत प्रत्येक बैठक, सभा कार्यक्रम के बाद सभी को विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एक एक पेड़ लगाना है। इसी श्रृंखला के आज सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक शिव शंकर शर्मा के नेतृत्व में उनके आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इसी प्रकार केंद्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए 9 से 21 जून तक देशव्यापी अभियान चलाया जाना है। यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित होगा। बैठक में अभियान के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता जिला उपाध्यक्ष नीलम दिवाकर महिपाल निषाद शिव शंकर शर्मा, आकाश शर्मा वीरेन्द्र प्रताप सिंह नरेंद्र पाल सिंह सीताराम मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, महावीर सिंह, विनोद पाल सिंह बिन्नू, धर्मेंद्र प्रताप सिंह संजू, पूरन सिंह निषाद देवेंद्र बेनीवाल ब्रजवीर सिंह चौहान धर्मेंद्र तेनगुरिया नीरेश रावत अनंत प्रताप सिंह, शशांक प्रताप सिंह अजय धनगर नरेश बघेल अजीत कुशवाह, संदीप जैन राहुल राणा महेश माहौर आदि उपस्थित रहे।

